# राज्य की सबसे लंबी टनल से 'समृद्ध' हो गया महामार्ग

Pankaj.Pandey@Timesgroup.com

■ **मुंबई:** मुंबई-नागपुर समृद्धि महामार्ग के नाम एक और रेकॉर्ड दर्ज हो गया है। वाहनों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए महामार्ग पर देश की सबसे चौड़ी ट्विन टनल तैयार हो गई है। सबसे चौड़ी टनल होने के साथ ही यह महाराष्ट्र की सबसे लंबी टनल है। 8 किमी लंबी, 17.6 मीटर चौड़ी और 9.12 मीटर ऊंची टनल का निर्माण डेडलाइन से 3 महीने पहले पूरा हो गया है। नासिक से ठाणे के बीच कई पहाड़ हैं। नासिक के पिंपरी सदो से ठाणे के वसाला बुधारो तक 13 किमी लंबा मार्ग से चंद मिनट में पहुंचा जा सकेगा। इसमें 8 किमी ट्विन टनल, 2 किमी लंबा वायडक्ट और 3 किमी लंबी सड़क का निर्माण हुआ है। टनल और वायडक्ट से वाहन केवल 5 से 7 मिनट में ठाणे तक पहुंच सकेंगे।

> नासिक से ठाणे तक 13 किलोमीमीटर लंबी है यह टनल

**20 मंजिला इमारत जितनी ऊंचाई:** टनल को एक पहाड़ को दूसरे से कनेक्ट करने के लिए 20 मंजिला इमारत जितनी ऊंचाई पर वायडक्ट का निर्माण किया गया है। इनमें से एक वायडक्ट 910 मीटर और 1,295 मीटर ऊंचा है। टनल के निर्माण के दौरान देश में पहली बार हाई प्रेशर वॉटर मिस्ट सिस्टम का इस्तेमाल हुआ है। इस तकनीक के तहत टनल में आग लगने या तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने पर फायर सिस्टम अपने आप काम करने लगेगा। सफर के दौरान यात्रियों को इंटरनेट सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए टनल के भीतर लीकी केबल की व्यवस्था की गई है।

## समृद्धि महामार्ग पर देश की सबसे चौड़ी टनल समय से पहले तैयार



### ये हैं इस टनल की खूबियां

- हर 150 मीटर पर फोन
- 30 मीटर पर स्पीकर
- इंटरनेट
- ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम
- 26 एग्जिट सिस्टम
- फायर अलार्म सिस्टम
- एक्सेस कंट्रोल सिस्टम
- रेडियो कम्युनिकेशन
- हाई प्रेशर वॉटर मिस्ट सिस्टम
- सीसीटीवी

### इमर्जेंसी एक्जिट

8 किमी लंबी ट्विन टनल को एक-दूसरे से कनेक्ट करने के लिए 26 पासिंग पैसेज तैयार किए गए हैं। वहीं, टनल में आपात स्थिति से निपटने के लिए 500 मीटर लंबी इमर्जेंसी टनल भी बनाई गई है। इस टनल से समृद्धि महामार्ग से पुराने मुंबई-नासिक हाइवे तक पहुंच सकेंगे। शेखर के अनुसार, पैकेज-14 का काम पूरा कर यह सेक्शन महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) को सौंप दिया गया है।

### 2024 का इंतजार

मुंबई से नागपुर के बीच 701 किमी लंबा समृद्धि महामार्ग का निर्माण किया जा रहा है। 701 में से 600 किमी मार्ग खोल दिया गया है। नागपुर से भरवीर के बीच खुले हाइवे से रोजाना 15 से 20 हजार गुजर रहे हैं। हाइवे के अंतिम पैकेज के तहत नासिक से ठाणे के बीच हाइवे का निर्माण चल रहा है, लेकिन कुछ पैकेज का काम पूरा नहीं हुआ है। पूरा हाइवे 2024 तक ही शुरू हो पाएगा।

**बांध बना कर किया काम:** महाराष्ट्र में सबसे अधिक बारिश वाला क्षेत्र इगतपुरी है। टनल इंगतपुरी से बेहद करीब है और पास में नदी है, इसलिए महामार्ग के पैकेज-14 तैयार करने वाली कंपनी को दिक्कतों का सामान करना पड़ा। बारिश के दौरान काम जारी रखने के लिए कंपनी को साइट के करीब बांध बनाना पड़ा। एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रॉजेक्ट मैनेजर शेखर दास के अनुसार, भविष्य में भी टनल में पानी न भरे, इसका ध्यान में रखते हुए शुरुआत में 200 मीटर तक शेड टनल बनाई गई है।